# University in News on 06 April 2020

## NBT Page 4



परिवार संग एलयू के कुलपति प्रो. एके राय

## i-Next Page 4

# अब नहीं छूटेगी एलयू की कोई भी ऑनलाइन क्लास

**स्टूडेंट्स को अब एक शेड्यूल बनाकर ही पढ़ाना होगा**

**डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स को भी मिलेगा इसका फायदा**

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (5 April):** एलयू ने लॉकडाउन के समय स्टूडेंट्स को पढ़ाई कराने के लिए नई तैयारी शुरू की है. प्रोफेसर अब स्टूडेंट्स को ऑनलाइन क्लासेज का टाइम टेबल उपलब्ध कराएंगे. इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. इसके लिए यूनिवर्सिटी वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने डीन व हेड को निर्देश जारी कर दिये हैं. उन्होंने बताया कि प्रोफेसर को ऑनलाइन क्लास का स्टडी मैटीरियल का वीडियो वेबसाइट प्रभारी को भेजना होगा. वह उसे वेबसाइट पर अपलोड करेंगे.

CONCEPT PIC



### स्टूडेंट्स को मिलेगा फायदा

वीसी प्रो. राय ने बताया कि शासन स्तर से इस संबंध में दिशा निर्देश जारी हुआ है. हमारे करीब सभी विभागों में यूट्यूब के जरिये क्लासेज चलाई जा रही हैं. अब इसको दूसरे चरण पर ले जाने के दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं. अभी तक जो शिक्षक ऑनलाइन मोड में क्लासेस ले रहे हैं उनसे उनकी सहुलियत के अनुसार एक टाइम टेबल बनाकर देने का कहा गया है, जिस वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. इससे स्टूडेंट्स को यह पता लग सकेगा कि उनकी अगली क्लास कब और कितने बजे से होगी.

### शेड्यूल भी किया तय

शिक्षकों को यह भी बताना होगा कि वह टाइम टेबल के अनुसार कब क्या क्या पढ़ा रहे है. इसे यह पता चल सकेगा कि कितना कोर्स इस लॉकडाउन के दौरान पूरा कराया गया है. यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि टाइम टेबल ही नही ई कंटेंट का वीडियो भी अपलोड किया जाएगा. इसका शेड्यूल भी तय होगा. इससे एलयू के साथ डिग्री कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी फायदा होगा.

## PIONEER Page 4

# लविवि: पहले दिन काउंसिलिंग में छात्रों ने एग्जाम और एडमिशन से जुड़े सवाल पूछे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी के ओर से कोरोना वायरस के बचाव के लिए किए गए लॉक डाउन में स्टूडेंट्स के हेल्प के लिए शुरू किए गए काउंसिलिंग सेशन में स्टूडेंट्स ने कोरोना के कारण ठप हुए पढ़ाई को लेकर ज्यादा सवाल पूछे। एलयू की ओर से शुरू किए गए काउंसिलिंग के पहले दिन मनोविज्ञान विभाग की डॉ मनोरमा प्रधान ने बच्चों को उनके सवालों के जवाब देने के साथ उनके सभी शंकाओं का भी समाधान किया।

डॉ प्रधान ने बताया कि बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने के लिए रविवार को एक घण्टे सैशन चलाया था। जो अब हफ्ते के सातों दिन चलाया जाएगा जिसमें मनोविज्ञान विभाग के शिक्षक स्टूडेंट्स की समस्याएं सुनकर समाधान के उपाया बताएगे। उन्होंने बताया कि रविवार को 12 लोगों ने एक घण्टे नें फोन किया था जिसमें आठ स्टूडेंस की और चार अन्य बाहरी लोगों की थी। जिनकी कुछ पसर्नल समस्याएं थी। जिसमें चार बाहरी लोगों ने में कुछ ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो किसी ने नाम पूछ कर फोन काट दिया। वहीं स्टूडेंट्स ने एडमिशनए एग्जामए कोर्स कब खत्म होगाए इसके आलावा कालेज के स्टूडेंट्स के भी फोन आए जिन्होंने कहा कि ऑनलाइन क्लासेस नहीं हो रही हैं जिस वजह से दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा हैए स्टडेंट्स ने शिक्षकों की शिकायते भी कि पढ़ाया नहीं जा रहा है सिर्फ एसाइनमेंट दिए जा रहे हैं।जिससे उन स्टूडेंट्स में पढ़ाई सही से न हो पाने का भय है। साथ ही कुछ स्टूडेंट्स ऐसे है कि जिनकी समस्या ये है कि वेबसाइट पर पढ़ने के लिए ई.कंटेंट अंग्रेजी में है हिन्दी में नहीं। तो पढ़ाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# सभी कोर्सेस का आनलाइन टाइम टेबल जारी करेगा एलयू

**डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स को भी मिलेगा इसका फायदा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोरोना वायरस के चलते देश भर में 14 अप्रैल तक लागू लॉक डाउन के बीच लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही ऑनलाइन पढ़ाई के बीच छात्रों की क्लास न मिस होए इसके लिए विवि प्रशासन टाइम टेबल तैयार करेगा। इसके लिए सभी शिक्षक अपनी ऑनलाइन क्लासेज का टाइम टेबल बनाकर छात्र.छात्राओं को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही यह जानकारी वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगीए जिससे पता रहे कि कौन से विषय की ऑनलाइन क्लास कब होनी है। विवि के कुलपति प्रोण् आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी तक शिक्षक अपने.अपने स्तर से ऑनलाइन क्लास चला रहे हैं। लेकिन अब उन्हें रोजाना स्टडी मैटीरियलए वीडियो लेक्चर वेबसाइट प्रभारी को भेजना होगाए ताकि इसे अपलोड किया जा सके।स्टूडेंट्स भी वेबसाइट से इसे आसानी से देख सकेंगे। वीसी प्रो. राय ने बताया कि शासन के स्तर से इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी हुआ है। हमारे लगभग सभी विभागों में ई कंटेंट और ऑनलाइन लेक्चर और यूट्यूब के माध्यम से क्लासेस चल रही है। पर अब इसको दूसरे चरण पर ले जाने के लिए दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है। अभी तक जो शिक्षक ऑनलाइन मोड में क्लासेस ले रहे है उनसे उनकी सहुलियत के अनुसार एक टाइम टेबल बनाकर देने का कहा गया है। जिसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा ताकि यह पता लग सके की उनकी अगली क्लास कब और कितने बजे से होगी। शिक्षकों को यह भी बताना होगा कि वह टाइम टेबल के अनुसार कब क्या क्या पढ़ा रहे है। इसे यह पता चल सकेगा की कितना कोर्स इस लॉक डाउन के पीरियड में पूरा कराया गया है।

### सभी स्टूडेंट्स को मिलेगा इसका फायदा

यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि टाइम टेबल में स्टूडेंट्स को केवल ऑनलाइन क्लासेस ही नही बल्कि ई कंटेंट वीडियो लेक्चर आदि अपलोड किया जाएगा। इसका भी शेड्यूल तय होगा। जिससे एलयू के साथ ही साथ डिग्री कॉलेजों के स्टूडेंट्स को भी इसका फायदा हो सकेगा। स्टूडेंट्स आसानी से अपना सिलेबस पूरा कर सकेगे क्योंकि एलयू से सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों के सैकड़ो स्टूडेंट्स ऐसे है जो ग्रामीण क्षेत्रों में है उनको टाइम टेबल का पता होने से वह समय पर स्टडी मैटेरियल डाउनलोड कर पढ़ सकते या फिर ऑनलाइन वीडियों और लेक्चर से जुड़ सकते है।